पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीतापुर (प्रथम पाली)
आवधिक परीक्षा -2 (2025-26)
कक्षा- 11वीं
विषय – हिंदी

पूर्णांक 40 समय- 1घंटा 30 मिनट

1 निम्नांकित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर दीजिए। 5

देश में मौज़ूद प्रत्येक कण अर्थात मनुष्य,पशु,पक्षी,नदी,नाले,वन,पर्वत इत्यादि देश-प्रेम का आलंबन होता है। यह साहचर्यगत प्रेम है अर्थात जिसके सान्निध्य का हमें अभ्यास पड़ जाता है,उसके प्रति राग हो जाता है। कोई व्यक्ति सच्चा देश-प्रेमी कहला सकने की तभी सामर्थ्य रख सकता है,जब वह देश के प्रत्येक मनुष्य,पशु,पक्षी,लता-गुल्म,पेड़,पत्ते,वन,पर्वत नदी, निर्झर आदि सभी को अपनत्व की भावना से देखता है। ऐसा मनुष्य विदेश में भी इन सबकी सुधि करके आंसू बहाएगा। जो व्यक्ति देश के मूलभूत जीवन को नहीं जानता, फ़िर भी वह देश-प्रेमी होने का दावा करे तो यह उसकी भूल है। जब आप किसी के सुख-दुख के भागीदार ही नहीं बने तो उसे सुखी देखने के स्वप्न की आप कैसे कल्पना करेंगे? अपनी बोली में आप उसके हित की बात तो कर सकते हैं, पर उसमें प्रेम के माधुर्य जैसे भाव नहीं होंगे। यह भाव तो मनुष्य के अंत:करण से जुड़ा हुआ है।

परिचय से प्रेम की उत्पत्ति होती है। यदि आप समझते हैं कि आपके अत:करण में देश-प्रेम के भाव उत्पन्न हों तो आप देश के स्वरूप से परिचित हो जाइए और अपने को उस स्वरूप में समा जाने दीजिए,तभी आपके अंतर में इस इच्छा का सचमुच उदय होगा कि वह हमसे कभी न छूटे, उसके धन-धान्य की वृद्धि हो,सब सुखी हों। पर आधे-अधूरे या चुनिंदा परिचय को ही देश का वास्तविक परिचय मान लेने से इतना स्पष्ट हो जाता है कि अभी तक आप अपने देश को नहीं जानते हैं। ऐसे ही नए किस्म के लोग आजकल देश-प्रेम की आधी-अधूरी परिभाषा को गढ़ने लगे हैं, जिन्हें अपने देश से जरा भी परिचय नहीं है, पर वे सही-गलत जानकारियां बटोरकर दूसरे देशों के प्रति नफ़रत व्यक्त करके खुद को देश-प्रेमी सिद्ध करते हैं। किसी दूसरे व्यक्ति के माता-पिता की निंदा करके आप अपने माता-पिता के प्रति प्रेम को सिद्ध नहीं कर सकते।

(i)मनुष्य के मन में देश-प्रेम की उत्पत्ति कैसे होती है? 1

1. प्रेम करने से
2. साहचर्य से
3. शत्रु देश से नफ़रत करने से
4. उपर्युक्त तीनों से

(ii) कथन- आप अपने देश के हित की बात करते हैं। 1
कारण- आप देश-प्रेमी हैं।

1. कथन सत्य है किन्तु कारण गलत है
2. कथन सत्य है किन्तु कारण गलत है

3. कथन और कारण दोनो सत्य है तथा कारण कथन की सही व्याख्या है
4. कथन और कारण दोनो सत्य है किन्तु कारण कथन की सही व्याख्या नही है

**(iii)** देश-प्रेमी होने के सबध मे कौन-सी बात अनुच्छेद मे नही है? 1

1. अपनेपन की भावना
2. सुख-दुख मे भागीदार होना
3. देश के लिए बलिदान-भावना
4. देश से पूर्णत: परिचित होना

**(iv)** लेखक के अनुसार देश-प्रेमी के आसू कब बहते है? 1

**(v)** साहचर्यगत प्रेम से क्या अभिप्राय है? 1

**2** निम्नांकित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नो के उचित उत्तर दीजिए। **5**

पथ बद है, पीछे अचल है, पीठ पर धक्का प्रबल।
मत सोच, बढ़ चल तू अभय, ले बाहु में उत्साह-बल।
जीवन-समर में सैनिकों , संभव असंभव को करो
पथ-पथ निमंत्रण दे रहा, आगे कदम,आगे कदम।
ओ बैठने वाले तुझे देगा न कोई बैठने।
पल-पल समर,नूतन सुमन-शय्या न देगा लेटने।
आराम संभव है नहीं, जीवन सतत संग्राम है
बढ़ चल मुसाफ़िर धर कदम, आगे कदम,आगे कदम।
ऊंचे हिमानी श्रृंग पर, अंगार के भ्रू-भंग पर
तीखे करारे खंग पर आरंभ कर अद्भुत सफ़र।
ओ नौजवां,निर्माण के पथ मोड़ दे,पथ खोल दे
जय-हार में बढ़ता रहे आगे कदम, आगे कदम

**1.** आगे बढ़ने के लिए क्या आवश्यक नही है? 1

(i) निडरता
(ii) उत्साह और बल
(iv) विश्राम से शक्ति-सचय
(iii) सतत सग्राम

**2.** जय-हार मे बढ़ता रहे- मे क्या सदेश निहित है? 1

(i) हार पहनकर विजेता बन
(ii)जय का हार धारण कर
(iii) बिना निराश हुए आगे बढ़
(iv) परिस्थिति-अनुसार आगे बढ़

**3.** अद्भुत सफ़र कैसा है? 1

(i) कठिनाइयो के बावज़ूद चलना हैं
(ii) मार्ग मे सफलता है
(iii) मार्ग मे सुमन-शय्या मिलेगी
(iv) सफ़र अन्तहीन है

**4.** सोचने से किस परिणाम की आशका हो सकती है? 1

(i) मन मे उत्साह का उत्पन्न होना
(ii)सभव असभव हो जाना
(iii) भय का उत्पन्न होना
(iv) जीवन-समर मे सफलता

**5.** काव्याश मे जीवन-पथ पर चलने वाले के लिए किन चार सबोधनो का प्रयोग किया गया है**?** **1**

**3** निम्नलिखित दिए गए किसी एक विषय पर **120** शब्दो मे रचनात्मक लेख लिखें। **5**

(i) साहित्य,सगीत,कला और मानव-जीवन
(ii) जब मुझे पहली बार मच पर पुरस्कार मिला
(iii) शीत ऋतु: कही ख़ुशी कही गम

4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **30** शब्दों में लिखें।

(i) शब्दकोश का आशय स्पष्ट करते हुए उसकी चार विशेषताएँ बताइए | 2
(ii) रचित,रमणीक,रचना,रत्नाकर शब्दों को शब्दकोश के क्रम में लिखिए | 1
(iii) पेज थ्री पत्रकारिता से क्या तात्पर्य है. 1
(iv) डायरी लेखन क्या है ? 1
(v ) जनसंचार के श्रव्य माध्यम क्या होते हैं ? 1
(vi) पटकथा की परिभाषा बताइए | 1
(vii) पत्रकारिता के सिद्धान्त बताइए | 1

5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर लगभग **60** शब्दों में उत्तर दीजिए**-4×2= 8**

(i)आओ मिलकर बचाएँ कविता में किसे बचाने की बात की गयी है और क्यों ?
(ii) मुर्दा शांति से भर जाना और हमारे सपनों का मर जाना –इनको सबसे खतरनाक क्यों माना गया है ?
(iii) सबसे खतरनाक कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए|
(iv) भारत माता से नेहरु जी का क्या तात्पर्य है ?

6.निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर किन्हीं एक का लगभग **60**शब्दों में उत्तर दीजिए**- 1×4 = 4**

(i) आलो अँधारि पाठ के आधार पर लेखिका बेबी हलदार के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं को बताइए |
(ii) आलो अँधारि पाठ के आधार पर घरों में काम करने वाली महिलाओं की प्रमुख समस्याओं के बारे में बताइए |

**7.**अपने नगर मे बढ़ रही यातायात की समस्या के निराकरण के लिए क्षेत्रीय यातायात अधिकारी कोपत्रलिखिए| **5**